हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की आज पहली बरसी है। पिछले साल इसी दिन, पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। इनमें ज्यादातर लोग पर्यटक थे इस जघन्य कृत्य ने पूरे देश को झकझोर दिया था। दुनिया भर की सरकारों और नेताओं ने इसकी कड़ी निंदा की थी।

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले साल 6 और 7 मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। ऑपरेशन सिंदूर को याद करते हुए भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया है। जिसमें उन्होंने आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी देते कहा है कि 'जब मानवता की सीमाएं पार होती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश किसी भी तरह के आतंक के सामने कभी नहीं झुकेगा और आतंकवादियों की साजिशें कभी सफल नहीं होंगी।

पिछले साल आज ही के दिन हुए पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक घटना के पीड़ितों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

****

हरियाणा मंत्रिमंडल ने 22 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया है। इस सत्र में हरियाणा लिपिक सेवा विधेयक 2026 लाया जाएगा। गुरुग्राम में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया -

मसौदा विधेयक में क्लर्क के पद के लिए समूह घ के पदोन्नति के कोटे को भी 20% से बढ़ा कर के 30% करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही पहले की तरह पांच प्रतिशत एक्स ग्रेशिया कोटा रखने की अनिवार्यता भी नियमों में शामिल की गई है।

****

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पृथ्वी दिवस पर प्रदेशवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया है।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि पृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं, बल्कि समस्त जीव-जगत का आधार है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण पर्यावरण असंतुलन एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाए।

उन्होंने कहा कि सबको मिलकर जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। विधान सभा अध्यक्ष ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे पृथ्वी और पर्यावरण जागरूकता के अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएं और समाज को इसके प्रति प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ उठाकर प्रदेश को हरित और स्वच्छ बनाने में योगदान दिया जा सकता है।

उन्होंने सभी नागरिकों से पृथ्वी दिवस के अवसर पर संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे प्रकृति के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

****

पलवल के विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में इनोवेशन, स्टार्टअप एवं इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस पर योगीजी डीजी कंपनी एक करोड़ रुपए खर्च करेगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने इस कंपनी के साथ एक समझोते पर हस्ताक्षर किए हैं। इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप के लिए आईडिया, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, मार्केटिंग और वेलिडेशन पर काम होगा। नए स्टार्टअप खड़े करने के लिए युवा उद्यमियों को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

****

हरियाणा सरकार ने तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री नांदेड़ साहिब जाने के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी है।

सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बीपीएल परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों को प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे श्री नांदेड़ साहिब, अयोध्या, वाराणसी, अमृतसर, वैष्णो देवी कटरा और अजमेर शरीफ की सुलभ यात्रा कराई जाती है। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि पात्र वरिष्ठ नागरिक सरल पोर्टल पर आवेदन करने उपरांत जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय को 01275-248922 पर भी सूचित करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी श्री नांदेड साहिब जाने वाली विशेष रेल को 5 मई को कुरुक्षेत्र से रवाना करेंगे। इस योजना के तहत सरकार द्वारा तीर्थ यात्रियों के रहने, खाने और स्थानीय परिवहन की पूरी व्यवस्था की जाएगी।

****